सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 154 | इंदौर, गुरुवार 18 दिसंबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## मध्यप्रदेश में कोहरा और शीतलहर का डबल अटैक

### 12 जिलों में अलर्ट, ट्रेनें घंटों लेट



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश में ठंड और घने कोहरे ने एक बार फिर मुश्किलें बढ़ा दी हैं। गुरुवार को प्रदेश के 12 जिलों में घने कोहरे की चेतावनी जारी की गई है। ग्वालियर-चंबल और विंध्य क्षेत्र के कई हिस्सों में सुबह के समय दृश्यता बेहद कम रहने की आशंका जताई गई है। वहीं भोपाल, राजगढ़, शाजापुर, सीहोर और इंदौर में शीतलहर का असर बना रहेगा।मौसम विभाग के मुताबिक ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना, रीवा, मऊगंज और सीधी में घना कोहरा छा सकता है। कई इलाकों में विजिबिलिटी 50 मीटर तक सिमटने की संभावना है।

### 19 दिसंबर से और बढ़ेगी ठंड

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार 19 दिसंबर से नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा, जिसका असर अगले कुछ दिनों में मध्यप्रदेश में देखने को मिलेगा। इसके बाद एक और सिस्टम आने की संभावना है, जिससे ठंड और तेज हो सकती है। इस बीच उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में जेट स्ट्रीम का प्रभाव बना हुआ है, जो 12.6 किलोमीटर की ऊंचाई पर 185 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से बह रही है।

### न्यूनतम तापमान में तेज गिरावट

मंगलवार-बुधवार की रात प्रदेश के कई शहरों में न्यूनतम तापमान में तेज गिरावट दर्ज की गई।मंदसौर सबसे ठंडा शहर रहा, जहां तापमान 3.7 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। शाजापुर में पारा 3.8 डिग्री दर्ज किया गया।इंदौर में 4.9 डिग्री, भोपाल में 5.1 डिग्री, ग्वालियर में 9.8 डिग्री, उज्जैन में 8 डिग्री और जबलपुर में 8.6 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा।

### कोहरे से रेल यातायात बेपटरी

उत्तर भारत में खराब मौसम का असर मध्यप्रदेश तक साफ दिखाई दे रहा है। दिल्ली से आने वाली 15 से अधिक ट्रेनें रोजाना देरी से पहुंच रही हैं। शताब्दी, छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस, राप्ती सागर, पातालकोट, कुशीनगर, सचखंड, अमृतसर-नांदेड़, मदुरई-चंडीगढ़, तमिलनाडु, केरल, भोपाल एक्सप्रेस और कर्नाटक संपर्क क्रांति सहित कई ट्रेनें 20 मिनट से लेकर 5 घंटे तक लेट चल रही हैं। भोपाल रेलवे स्टेशन पर मालवा एक्सप्रेस भी निर्धारित समय से देरी से पहुंच रही है। इंदौर–उज्जैन रूट से आने वाली ट्रेनों पर भी कोहरे का असर पड़ा है।

### मोहन सरकार का विज़न 2047

# स्वास्थ्य, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और सशक्त अर्थव्यवस्था पर मजबूत फोकस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सुखद और सम्पन्न मध्यप्रदेश की कल्पना को बिना भेदभाव के खुले दृष्टिकोण के साथ कार्य करते हुए साकार किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने बुधवार को मध्यप्रदेश विधान सभा के विशेष सत्र के समापन अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि पक्ष और विपक्ष के साथ नागरिकों के सुझावों और सहयोग के आधार पर प्रदेश के समग्र विकास के लिए कार्य होगा।यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के विजन के अनुसार मध्य प्रदेश में विभिन्न क्षेत्रों में क्रियान्वयन किया जाएगा। मध्यप्रदेश, प्रधानमंत्री श्री मोदी के विजन को क्रियान्वित करने के लिए 8 प्रमुख विषयों पर तैयार किए गए दृष्टि-पत्र पर कार्य करेगा। दृष्टि -पत्र के इन 8 विषयों में 300 बिंदु निर्धारित किए गए हैं। आठ प्रमुख विषयों में सतत औद्योगिक विकास, अगली पीढ़ी की उन्नत कृषि, सेवाओं के क्षेत्र में विकास, विश्व स्तरीय शिक्षा और कौशल विकास, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य और पोषण, शहरी और ग्रामीण बुनियादी ढांचा, सुशासन और सुगम नागरिक सेवा और नवीन वित्त पोषण और निवेश शामिल है।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने नक्सवाद का सफाया किया है। लाड़ली बहनों को 5 हजार रुपए भी देंगे। वहीं सीएम ने बताया कि 25 दिसंबर अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह एमपी



आएंगे। वे 2 लाख करोड़ के निर्माण कार्यों के भूमिपूजन-लोकार्पण करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार संकल्प पत्र के सभी वादे 2028 तक पूरे करेगी।

इसके पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सदन में अपने संबोधन में प्रदेश में गत दो वर्ष में अर्जित उपलब्धियों का भी विस्तार से उल्लेख किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्य रूप से राज्य के नागरिकों की समृद्धि के लिए कृषि, महिला सशक्तिकरण, वन्यप्राणी संरक्षण, सांस्कृतिक अभ्युदय, शासकीय विभागों में पदों पर नियुक्तियां, नक्सलवाद पर केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित डेडलाइन के पूर्व नियंत्रण की प्रभावी कार्यवाही, शहरी विकास, ग्रामीण विकास, ऊर्जा उत्पादन, सड़कों के निर्माण, स्वास्थ्य क्षेत्र में नई सुविधाओं,जनजातीय नायकों के सम्मान, मंजरो-टोलों तक बिजली पहुंचाने, अंतर्राज्जीय नदी जोड़ो परियोनाओं के संबंध में विस्तार से जनकारी दी।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जनकल्याण के लिए जो बात कही गई, उस पर अमल भी किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश में नागरिकों की समृद्धि के लिए दो वर्ष की उपलब्धियां भी गिनाई। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल जी की जन्म वर्षगांठ पर आगामी 25 दिसम्बर को उद्योग वर्ष के समापन अवसर पर 2 लाख करोड़ के निवेश से विभिन्न इकाईयों के भूमि पूजन का कार्य हो रहा है। मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश और राजस्थान के क्षेत्रों में संयुक्त चीता कॉरीडोर बनाने की पहल। गांधी सागर और नौरादेही में भी चीते बसाएंगे। शिवपुरी में 9वें टाइगर रिजर्व पार्क की शुरूआत। रीजनल औद्योगिक कॉन्ले पव के साथ ही रेडिमेड और खिलौना निर्माण इकाईयों में कार्य करने वालों को प्रोत्साहन राशि।

सीएम ने बताया कि आने वाले समय में सेटेलाइट के माध्यम से किसानों के खेतों और खसरा खतोनी की जानकारी प्राप्त कर घर बैठे खाद पहुंचाने का संकल्प। स्वास्थ्य क्षेत्र में चिकित्सा अधिकारियों सहित अन्य पदों पर लगभग 42 हजार नियुक्तियों की स्वीकृति। वर्ष 1956 में प्रदेश में 5 मेडिकल कॉलेज थे। गत डेढ़ वर्ष में 6 नए कॉलेज प्रारंभ, पीपीपी मोड पर 14 कॉलेजों के लिए निविदा की कार्यवाही। दिसम्बर 2025 में 4 मेडिकल कॉलेजों का भूमि पूजन निर्धारित। प्रदेश में 52 मेडिकल कॉलेज हो जाएंगे। सभी जिलों में कॉलेज होगा। प्रत्येक संभाग में वन्य प्राणी संग्रहालय और रेस्क्यू सेंटर प्रारंभ करने की पहल। राजधानी भोपाल में बड़ी झील में शिकारों से पर्यटकों और नागरिकों को कश्मीर का सुखद अहसास। इंदौर में मेट्रो प्रारंभ। भोपाल में मेट्रो ट्रेन संचालन शीघ्र किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जन्म वर्षगांठ 17 सितम्बर को धार जिले में पीएम मित्रपार्क की आधारशीला रखी है।

उन्होंने बताया कि प्रदेश में सिकल सेल एनीमिया नियंत्रण की ठोस पहल कर पीढ़ियों को गंभीर जन्मजात रोग से बचाने का प्रयास। भगोरिया को राष्ट्रीय पर्व की मान्यता दी गई। उज्जैन में बाबा महाकाल की सवारी में जनजातीय वर्ग की भागीदारी की शुरूआत की। जनजातीय गौरवशाली विभूतियों के सम्मान में जबलपुर, सिंग्रामपुर और पचमढ़ी में मंत्रिपरिषद की बैठकें की गई। राज्य में तेज ध्वनि यंत्रों पर नियंत्रण की पहल और गौ-संरक्षण के राज्य में ठोस प्रयास किए गए है।

### 100 वर्ष की उम्र में ली अंतिम सांस

# स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के शिल्पकार राम सुतार का निधन

**मुंबई, (एजेंसी) प्रख्यात मूर्तिकार और दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के शिल्पकार राम वनजी सुतार का बुधवार देर रात नोएडा स्थित उनके आवास पर निधन हो गया। उनके पुत्र अनिल सुतार ने यह जानकारी दी। वह 100 वर्ष के थे और लंबे समय से उम्र से जुड़ी बीमारियों से पीड़ित थे।**

अनिल सुतार ने गुरुवार को प्रेस को जारी एक बयान में कहा कि गहरे दुख के साथ हम आपको सूचित करते हैं कि मेरे पिता श्री राम वनजी सुतार का 17 दिसंबर की मध्यरात्रि को हमारे निवास पर निधन हो गया।



### महाराष्ट्र में हुआ सुतार का जन्म

19 फरवरी 1925 को महाराष्ट्र के वर्तमान धुले जिले के गोंदूर गांव में एक साधारण परिवार में जन्मे राम सुतार का झुकाव बचपन से ही मूर्तिकला की ओर था। उन्होंने मुंबई के जे.जे. स्कूल ऑफ आर्ट एंड आर्किटेक्चर से शिक्षा प्राप्त की और स्वर्ण पदक हासिल किया। इसके बाद उन्होंने भारतीय मूर्तिकला को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने वाला लंबा और उल्लेखनीय रचनात्मक सफर तय किया।

**उनकी प्रसिद्ध प्रतिमाएं-** संसद परिसर में स्थापित ध्यानमग्न मुद्रा में महात्मा गांधी की प्रतिमा और घोड़े पर सवार छत्रपति शिवाजी महाराज की भव्य प्रतिमा उनकी प्रमुख कृतियों में शामिल हैं। वहीं, गुजरात में स्थापित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, जो देश के पहले उपप्रधानमंत्री और गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल को समर्पित है, ने उन्हें वैश्विक पहचान दिलाई। राम सुतार को उनके योगदान के लिए पद्म श्री (1999) और पद्म भूषण (2016) से सम्मानित किया गया। हाल ही में उन्हें महाराष्ट्र सरकार के सर्वोच्च सम्मान महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार से भी नवाजा गया था।

# 27 देशों के मेहमानों के साथ महापौर ने खेला गुल्ली-डंडा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर में एनआरआई फोरम द्वारा आयोजित एनआरआई महापर्व के चौथे संस्करण की शुरुआत हो चुकी है। इस खास आयोजन में शामिल होने के लिए दुनिया के 27 देशों से 220 से अधिक प्रवासी भारतीय (एनआरआई) इंदौर पहुंचे हैं। महापौर पुष्यमित्र भार्गव की अध्यक्षता में हो रहे इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य इंदौरियों को अपनी जड़ों से जोड़े रखना है।**

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने आयोजन के महत्व को समझाते हुए कहा कि इसका मकसद दुनियाभर में बसे एनआरआई को इंदौर में हो रहे विकास कार्यों से अवगत कराना है। प्रशासन का प्रयास है कि प्रवासी भारतीय इन कार्यों में अपनी सहभागिता बढ़ाएं। साथ ही, यह मंच इस बात को भी उजागर करता है कि इंदौरी दुनिया भर में किस तरह नाम कमा रहे हैं और वे अपने शहर के लोगों की मदद किस प्रकार कर सकते हैं। एनआरआई महापर्व के तहत बुधवार सुबह यशवंत क्लब में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां सुबह 8 बजे से ही उत्सव का माहौल था। महापौर और विदेशी मेहमानों ने मिलकर गुल्ली-डंडा, कबड्डी, पतंगबाजी, लट्टू और लंगड़ी जैसे पारंपरिक भारतीय खेलों का आनंद लिया। इन खेलों ने सभी को बचपन की यादों में लौटा दिया। इस दौरान केवल खेल ही नहीं, बल्कि इंदौरी जायके का भी तड़का लगा। मेहमानों ने पोहा-जलेबी और अन्य देसी नाश्ते का लुत्फ उठाया। यह आयोजन पूरी तरह से भारतीय संस्कृति और परंपराओं की झलक प्रस्तुत कर रहा था, जिसमें मेहमानों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

### अवैध फटाखा दुकान/गोडाउन में लगी आग की जांच के बाद प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

## अवैध रूप से निर्मित दुकान/गोडाउन किया गया ध्वस्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। अवैध फटाखा दुकान/गोडाउन में मंगलवार को आग लगने की घटना के पश्चात कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देश पर जिला प्रशासन के अमले ने तत्काल संज्ञान लेते हुए मामले की विस्तृत जाँच की। जांच में पाया गया कि संबंधित दुकान/गोडाउन शासकीय भूमि पर अवैध रूप से निर्मित था तथा लगभग 10,000 वर्ग फीट सरकारी भूमि पर कब्जा कर अवैध भंडारण किया जा रहा था।**



कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देश पर राजस्व की टीम द्वारा उक्त अवैध निर्माण को पूरी तरह तोड़कर शासकीय भूमि मुक्त कराई गई। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि इस प्रकार का कोई भी अवैध कब्जा एवं खतरनाक सामग्री का अवैध भंडारण सार्वजनिक सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है, इसलिए इसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि जिले में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि अथवा सार्वजनिक सुरक्षा से समझौते को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जो भी व्यक्ति शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा करेंगे अथवा खतरनाक सामग्री का भंडारण करेंगे, उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

नागरिकों से अपील की गई है कि यदि कहीं भी अवैध भंडारण, अवैध फटाखा व्यापार या शासकीय भूमि पर कब्जे की जानकारी हो, तो तत्काल प्रशासन को सूचित करें। एसडीएम सांवेर श्री घनश्याम धनगर ने बताया कि मंगलवार को तहसील सांवेर के ग्राम पंचडेहरिया में आग लगने की सूचना प्राप्त होते ही स्थानीय प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई। एसडीएम सांवेर, तहसीलदार सांवेर एवं थाना प्रभारी सांवेर तत्काल मौके पर पहुंचे तथा फायर ब्रिगेड के माध्यम से आग पर काबू पाया गया। जांच के दौरान यह तथ्य संज्ञान में आया कि ग्राम पंचडेहरिया स्थित शासकीय रास्ता मद की भूमि, सर्वे नंबर 33 पर लगभग 10 हजार वर्ग फीट क्षेत्रफल में राहुल अग्रवाल पिता रमेश चंद्र अग्रवाल निवासी छोटा बांगड़दा इंदौर द्वारा अस्थायी शेड बनाकर पटाखों का अवैध भंडारण किया जा रहा था। उक्त अवैध निर्माण एवं अतिक्रमण को आज बुधवार को एसडीएम सांवेर श्री घनश्याम धनगर के निर्देशन में राजस्व टीम सांवेर द्वारा तहसीलदार श्रीमती पूनम तोमर के नेतृत्व में पुलिस बल की उपस्थिति में हटाने की कार्रवाई की गई।

## यातायात श्रमिकों की सुरक्षा के लिये लगाया गया विशेष शिविर

### आखों की जांच की गई नि:शुल्क- सुरक्षा संबंधी उपायों और नियम-कानूनों की दी गई जानकारी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इंदौर में श्रम विभाग द्वारा यातायात श्रमिकों के लिये लगातार शिविर लगाये जा रहे है। इसी सिलसिले में आज तीन इमली क्षेत्र में पर्पल प्रसन्ना लिमिटेड में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में यातायात श्रमिकों की आखों की नि:शुल्क जांच की गई तथा उन्हें सुरक्षा संबंधी उपायों और नियम-कानूनों के बारे में बताया गया।

सहायक श्रम आयुक्त श्रीमती मेघना भट्ट ने बताया कि श्रमिकों को श्रम विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं अधिनियमों के प्रावधानों की जानकारी दी गई। साथ ही ई श्रम पंजीयन के लाभ से अवगत कराते हुए कतिपय श्रमिकों के ई श्रम पंजीयन की कार्यवाही भी की गई। विशेष रूप से मोटर परिवहन श्रमिक अधिनियम, 1961 (Motor Transport Workers Act, 1961) के अंतर्गत श्रमिकों को प्रदत्त सुविधाओं जैसे– स्वास्थ्य एवं सुरक्षा (Health & Safety) प्रावधान, कार्य के घंटे एवं विश्राम अवकाश (Hours of Work & Rest Intervals), वार्षिक अवकाश (Annual Leave with Wages), कल्याण सुविधाएँ जैसे कैंटीन, प्राथमिक चिकित्सा एवं आराम कक्ष के बारे में विस्तार से समझाया गया। अधिनियम के अनुसार मोटर यातायात श्रमिकों के स्वास्थ्य की देखभाल एवं कल्याण नियोक्ता की जिम्मेदारी है। श्रम विभाग समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, जागरूकता कार्यक्रम एवं निरीक्षण के माध्यम से श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा हेतु प्रतिबद्ध है। शिविर में बड़ी संख्या में मोटर यातायात श्रमिकों ने भाग लेकर नेत्र परीक्षण कराया और विभागीय योजनाओं तथा मोटर परिवहन श्रमिक अधिनियम- 1961 की जानकारी प्राप्त की।

कटाक्ष




## परदेशीपुरा में टेक्सटाइल फैक्ट्री में आग

**इंदौर।** परदेशीपुरा क्षेत्र स्थित शिवाजी नगर इलाके में मंगलवार देर रात एक टेक्सटाइल फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। आग की चपेट में आकर फैक्ट्री में रखा लाखों रुपए का कच्चा माल, कपड़ा और अन्य सामान जलकर खाक हो गया। राहत की बात यह रही कि घटना में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। फायर ब्रिगेड को रात करीब 11 बजे भावना टेक्सटाइल्स नाम की फैक्ट्री में आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। फैक्ट्री में आग तेजी से फैल चुकी थी, जिस पर काबू पाने के लिए दमकल कर्मियों को करीब तीन घंटे तक मशक्कत करनी पड़ी। इस दौरान लगभग 20 हजार लीटर पानी का इस्तेमाल कर आग को पूरी तरह बुझाया गया।

सार्वजनिक सुरक्षा को देखते हुए इंदौर में एक साथ अनेक जगहों पर छापामार कार्रवाई

# बड़ी मात्रा में बारूद और अवैध फटाखे जब्त

## कई फेक्ट्री/गोडाउन और दुकान सील- आरोपियों को किया गया गिरफ्तार, अवैध निर्माण भी किये गये ध्वस्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर जिले में सार्वजनिक सुरक्षा को देखते हुए कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में आज जिले के अनेक क्षेत्रों में फटाखों के अवैध रूप से क्रय विक्रय, भण्डारण तथा निर्माण करने वालों के विरूद्ध मुहिम चलाकर कड़ी कार्रवाई की गई। आज जिले के हातोद में भी बड़ी कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में अवैध रूप से संग्रहित लगभग 100 किलो बारूद जप्त किया गया। यहां अवैध रूप से फटाखों का निर्माण किया जा रहा था। हातोद में अवैध रूप से बना हुआ गोदाम भी ध्वस्त कर दिया गया। इसके साथ ही सार्वजनिक सुरक्षा को देखते हुए इंदौर में एक साथ अनेक जगहों पर छापामार कार्रवाई की गई। इसमें बड़ी मात्रा में बारूद और अवैध फटाखे जप्त किये गये। कई फेक्ट्री/गोडाउन और दुकान सील की गई। अवैध निर्माण भी ध्वस्त किये गये। आरोपियों को गिरफ्तार भी किया गया है।**

यह कार्रवाई कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में एडीएम श्री रोशन राय सहित अन्य राजस्व अमले द्वारा की गई।



बताया गया कि हातोद में बड़ी कार्रवाई की गई है। यहां से दो लोडिंग वाहन भी जप्त किये गये है। आरोपी राहुल अग्रवाल के विरुद्ध एफआईआर की कार्रवाई की गई है। आरोपियों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है। एसडीएम श्री विनोद राठौर ने बताया कि प्रशासन की नजरों से बचने के लिए फार्म हाउस में अवैध फटाखा फैक्ट्री चलाई जा रही थी। गाय का शेड बनाकर 08 गाय भी पाली जा रही थी। जिससे लोगों को आभास हो कि फार्म हाउस में गाय पाली जा रही है। एसडीएम श्री विनोद राठौर ने बताया कि कार्रवाई के दौरान तहसीलदार श्री अनिल पटेल, श्री लोकेश आहूजा सहित पूरी टीम मौजूद थी। उन्होंने बताया कि ग्राम सोनगिर तहसील हातोद स्थित चावड़ा कृषि फार्म हाउस जो लगभग 10 हजार वर्ग फीट क्षेत्रफल में बना हुआ है। यह फार्म हाउस कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 26 रकबा 3.153 हेक्टेयर जो भूमि स्वामी हितेंद्र सिंह पिता बहादुर सिंह एवं आदित्यराज पिता बहादुर सिंह निवासी ग्राम सोनगिर के नाम पर है। इनके खेत पर बना है। इस फार्म हाउस को राहुल पिता रमेश अग्रवाल 41/1 विद्या पैलेस कॉलोनी इंदौर द्वारा 26 मार्च 2025 से कृषि भूमि किराये पर लेने का अनुबंध किया। इसके पश्चात राहुल द्वारा यहाँ शेड का निर्माण किया गया। शेड निर्माण होने के पश्चात अवैध पटाखा फैक्ट्री जिसमें सुतली बम बनाने का कार्य किया जा रहा था। लगभग 15 दिन से फैक्ट्री में अवैध पटाखा निर्माण कार्य किया जा रहा था। मौके से विजय पिता दौलत सिंह उम्र 26 वर्ष निवासी अरविंदो हॉस्पिटल के पास पेट्रोल पंप के पास इंदौर, सागर पिता नंदकिशोर प्रजापत उम्र 34 वर्ष निवासी हम्माल कॉलोनी इंदौर, रंजीत पिता सुरेंद्र सिंह ठाकुर निवासी रुकमणी नगर इंदौर को हिरासत में लिया गया एवं दो वाहन मारुति सुपरकैरी वाहन क्रमांक एमपी 09 AG 2508 तथा महिंद्रा वीरो बिना नंबर वाहन जप्त की गई। दोनों वाहनों में काफी मात्रा में तैयार सुतली बम एवं सुतली बम पटाखा निर्माण की सामग्री बड़ी मात्रा में जप्त की गई। 10 हजार वर्गफीट में बने शेड को तोड़ा गया। बिजली के कनेक्शन वाली डीपी भी हटाई गयी।

# सेल्स टैक्स अफसर ने की आवारा कुत्तों पर फायरिंग



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। द्वारकापुरी इलाके का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें एक सेल्स टैक्स अधिकारी खुलेआम बंदूक से फायरिंग करते नजर आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि अधिकारी आवारा कुत्तों को भगाने के लिए फायरिंग कर रहे थे। वीडियो सामने आने के बाद इलाके में दहशत फैल गई और मामले में गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।**

वीडियो में सेल्स टैक्स अधिकारी नवीन कोरी अपने कुछ साथियों के साथ कुत्तों की ओर फायरिंग करते दिखाई दे रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अचानक हुई फायरिंग से लोग सहम गए और किसी अनहोनी की आशंका बनी रही।

घटना के बाद दर्शना मुछाल नाम की एक युवती शिकायत लेकर थाने पहुंची थी। उसका आरोप है कि पुलिस ने न तो सेल्स टैक्स अधिकारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की और न ही उसका आवेदन स्वीकार किया। युवती और उसके परिवार का कहना है कि उन पर समझौते और दबाव बनाने की कोशिश की गई। इधर, द्वारकापुरी पुलिस ने दिनेश सोनगरा की शिकायत पर दर्शना मुछाल, महक मुछाल और उनके परिवार के खिलाफ ही मामला दर्ज कर लिया। एफआईआर में आरोप लगाया गया है कि नगर निगम द्वारा आवारा कुत्तों को पकड़ने की कार्रवाई के दौरान विवाद हुआ और अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया। पुलिस का कहना है कि वीडियो समेत पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है। फिलहाल इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। वीडियो वायरल होने के बाद यह मामला और तूल पकड़ता जा रहा है और प्रशासन की भूमिका पर भी सवाल उठने लगे हैं।

# बहन से दोस्ती के शक में छात्र को पीटा

## इंकार करने पर लात-घूंसे मारे, माफी मांगते वीडियो बनवाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। जूनी इंदौर थाना क्षेत्र में एक छात्र के साथ बेरहमी से मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में दो रिश्तेदार युवकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। आरोप है कि युवकों ने अपने परिवार की एक लड़की से दोस्ती का शक जताते हुए छात्र को बुलाया और फिर उसकी जमकर पिटाई कर दी। घायल हालत में उसे सड़क पर छोड़कर दोनों फरार हो गए।**

पुलिस के अनुसार, मोहम्मद उमेर खोखर की शिकायत पर अरशद चौहान और आकिब चौहान के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। उमेर एक निजी कॉलेज में सेकेंड ईयर का छात्र है। उमेर ने पुलिस को बताया कि वह रात में पढ़ाई कर रहा था, तभी अरशद का फोन आया। उसने बुक ब्रांड कॉलोनी बुलाया और कहा कि जरूरी बात करनी है। रात करीब 9 बजे उमेर वहां पहुंचा, जहां अरशद के साथ आकिब भी मौजूद था। दोनों ने उस पर अपनी बहन से दोस्ती करने का आरोप लगाया। उमेर ने जब इस बात से इनकार किया, तो दोनों ने लात-घूंसे से उसकी पिटाई शुरू कर दी। मारपीट इतनी ज्यादा थी कि उमेर के मुंह से खून निकलने लगा। इसके बाद आरोपी उसे स्कूटर पर बैठाकर केसरबाग ले गए, जहां फिर से मारपीट की। यहीं नहीं रुके, उसे चोइथराम सब्जी मंडी तक ले जाया गया और रास्ते भर पीटते रहे। आरोप है कि केसरबाग रोड पर आरोपियों ने उमेर का वीडियो भी बनवाया और उससे जबरन माफी मंगवाई। वीडियो में उससे कहलवाया गया कि वह लड़की से कोई संबंध नहीं रखेगा और दोबारा बात नहीं करेगा। इसके बाद उसे सेंट्रल एक्साइज ऑफिस के पास अधमरी हालत में छोड़कर दोनों फरार हो गए। देर रात उमेर किसी तरह अपने परिवार से संपर्क कर पाया। परिजन उसे थाने लेकर पहुंचे, जहां मेडिकल कराने के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और आगे कार्रवाई की जाएगी।

# पैथोलॉजी लैब संचालक का अपहरण 7 लाख रुपए के लेन-देन का विवाद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। लसूडिया पुलिस ने एक पैथोलॉजी लैब संचालक के अपहरण और उसके साथ मारपीट के मामले में एफआईआर दर्ज की है। कार नंबर और पहचान के आधार पर पुलिस ने तीन आरोपियों को हिरासत में लिया है।**

पुलिस के अनुसार, मंगलवार को मूसाखेड़ी के रामनगर निवासी संदीप रेसवाल को कॉल कर सैंपल लेने के बहाने डीबी प्राइट कट के पास एबी रोड पर बुलाया गया। संदीप जब लैब टेक्नीशियन के साथ मौके पर पहुंचे तो कार में बैठे



आरोपियों ने उन्हें पास बुलाया और जबरन कार में बैठाकर मारपीट की। मारपीट के दौरान जब लैब टेक्नीशियन ने विरोध किया। उनसे कारण पूछा तो आरोपियों ने कहा कि संदीप से उनका रुपए के लेन-देन का विवाद है, वह बीच में हस्तक्षेप न करे। उनके जाने के बाद उसने पुलिस को मामले की सूचना दे दी। पुलिस ने बताया कि संदीप "श्योर पैथोलॉजी" के नाम से लैब संचालित करता है। इस प्रकरण में तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। टीआई तारेश सोनी के मुताबिक, तीनों आरोपियों को सुसनेर से राउंडअप किया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि संदीप और आरोपियों के बीच करीब 7 लाख रुपए का लेन-देन था। हालांकि, आरोपियों का कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं मिला है और वे पेशे से खेती-किसानी का कार्य करते हैं।

# पशु आहार की बोरियों में छिपाई 21 लाख की शराब



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खरगोन, एजेंसी।** खरगोन जिले की मंडलेश्वर पुलिस ने मंगलवार रात अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 21 लाख रुपए मूल्य की अवैध अंग्रेजी शराब जब्त की है। शराब पशु आहार (खली) की बोरियों के नीचे छिपाकर एक गुजरात पासिंग ट्रक से राजस्थान से महाराष्ट्र ले जाई जा रही थी। पुलिस ने ट्रक ड्राइवर को गिरफ्तार कर ट्रक समेत पूरा माल जब्त कर लिया है। खरगोन एएसपी शकुंतला रूहल ने बताया कि TI दीपक यादव को मुखबिर से सूचना मिली थी कि चित्तौड़गढ़ (राजस्थान) से एक ट्रक भारी मात्रा में अवैध शराब लेकर महाराष्ट्र की ओर जा रहा है। सूचना मिलते ही टीआई यादव ने पुलिस टीम गठित की और संदिग्ध ट्रक पर नजर रखी। पुलिस को लगातार ट्रक की लोकेशन मिल रही थी। जैसे ही ट्रक महेश्वर रोड स्थित गांधीनगर कॉलेज के पास पहुंचा, पुलिस ने बैरिकेड्स लगाकर उसे रोक लिया। ट्रक (GJ25T8388) की तलाशी ली गई, जिसमें ऊपर की ओर पशु आहार की बोरियां भरी हुई दिखाई दीं। शुरुआती जांच में ट्रक संदिग्ध लगने पर पुलिस उसे थाने ले आई। जब पशु आहार की बोरियां हटाई गईं, तो नीचे राजस्थान निर्मित अंग्रेजी शराब की 485 पेटियां मिलीं। शराब को बेहद चालाकी से खली की बोरियों के नीचे छिपाया गया था।

# पक्ष-विपक्ष मिलकर विकसित मध्यप्रदेश के साझा संकल्प और भविष्य की दिशा तय करेंगे : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश विधानसभा के स्थापना दिवस के अवसर पर विशेष सत्र के माध्यम से अतीत की गौरवशाली संसदीय लोकतांत्रिक परंपराओं की स्मृतियां जीवंत हो रही हैं। इस विशेष सत्र में पक्ष-विपक्ष मिलकर वर्ष 1956 से लेकर अब तक की विधानसभा की यात्रा का पुनरावलोकन करने के साथ-साथ विकसित भारत@2047 और विकसित मध्यप्रदेश के साझा संकल्प और भविष्य की दिशा तय करेंगे।**



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश विधानसभा के 70 वर्ष की गौरवशाली यात्रा पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विधानसभा के एक दिवसीय विशेष सत्र के अवसर पर विधानसभा परिसर में लगाई गई एक दिवसीय प्रदर्शनी के शुभारंभ अवसर पर मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा में यह विचार व्यक्त किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विशेष सत्र के आयोजन के लिए विधानसभा अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष एवं विधानसभा सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इससे पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल के विधानसभा आगमन पर उनकी अगवानी की। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल, विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं नेता प्रतिपक्ष श्री उमंग सिंगर ने विधानसभा परिसर में 'मध्यप्रदेश विधानसभा के 1956 से 2025 तक इतिहास के पल' और 'मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का अभ्युदय मध्यप्रदेश विकास और सेवा के दो वर्ष' विषय पर लगी प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अन्य वरिष्ठ मंत्री और विधायकगण भी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि विकसित, आत्मनिर्भर समृद्ध मध्यप्रदेश के निर्माण को समर्पित विशेष विधानसभा के विशेष सत्र के अवसर पर विधानसभा परिसर में लगाई गई प्रदर्शनी में विधानसभा के 70 वर्षों की ऐतिहासिक यात्रा को दर्शाती दुर्लभ तस्वीरें और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा विकास कार्यों को प्रदर्शित किया गया।

## धीरेन्द्र शास्त्री, सीएम हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, उज्जैन, एजेंसी। उज्जैन में 20 दिसंबर को 1.51 लाख हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम सुबह 9 बजे से इंदौर रोड स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज मैदान में आयोजित होगा। जिसमें बागेश्वर धाम के पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, सांसद अनिल फिरोजिया, अभिनेत्री एवं सांसद हेमा मालिनी सहित अनेक संत, महंत, महामंडलेश्वर, शिक्षाविद, चिकित्सक और विभिन्न समाजों के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। सोशल वेलफेयर सोसाइटी ट्रस्ट की कोषाध्यक्ष दुर्गेश नंदिनी शर्मा एवं आयोजन समिति अध्यक्ष देवेंद्र सिंह चावड़ा ने बताया कि इस अवसर पर 1008 हनुमान मंदिरों के ध्वजों की महाआरती भी की जाएगी। कार्यक्रम की शुरुआत श्रीराम धुन से होगी, जिसके बाद सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ संपन्न कराया जाएगा।

# घर में घुसा तेंदुआ, गलियों में दौड़ा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मंदसौर, एजेंसी।** मंदसौर के संजीत नाका क्षेत्र की एक कॉलोनी में घुसे तेंदुए को 4 घंटे बाद रेस्क्यू किया जा सका। तेंदुआ मयूर कॉलोनी स्थित एक निर्माणाधीन मकान में जाकर बैठ गया था। सूचना मिलते ही वन विभाग और पुलिस की टीमें मौके पर पहुंचीं। जिस गली के मकान में तेंदुआ बैठा था, वहां पुलिस ने बैरिकेडिंग कर आवाजाही रोक दी। वन विभाग की टीम ने तेंदुए को ट्रेंकुलाइजर किया। इसके बाद बेहोश तेंदुए को उठाकर पिंजरे में डाला। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें तेंदुआ कॉलोनी की गलियों में दौड़ता नजर आ रहा है।

# पुलिया से नीचे गिरी गिरी बाइक मेडिकल ऑफिसर की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सेंधवा/बड़वानी, एजेंसी। विधानसभा के धवली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ मेडिकल आफिसर की बाइक दुर्घटना में मौत हो गई। मंगलवार रात को वे अपने घर ग्राम अड़नदी से धवली स्थित शासकीय अस्पताल जा रहे थे। युवा चिकित्सक ने जुलाई माह में ही सेवाएं देना शुरू किया था और हादसे में मौत के बाद ग्रामीण क्षेत्र में शोक की लहर है। उनके पिता सीताराम कोठारी अड़नदी पंचायत के सरपंच हैं।**

वरला थाना पुलिस ने बताया कि मंगलवार रात करीब नौ बजे के बीच वे अपने घर ग्राम अड़नदी से धवली स्थित शासकीय अस्पताल जा रहे थे तभी वरला के ग्राम झांगता और अड़नदी के बीच नदी पर जैसे ही पहुंचे उनकी बाइक अनियंत्रित होकर नीचे गिर गई। रात के समय हुए हादसे में अंधेरे के कारण उन्हें संभलने तक का मौका नहीं मिला।

सिर सहित अन्य हिस्सों में गंभीर चोट लगी। सूचना के बाद परिजन घटनास्थल पहुंचे और उन्हें ताबड़तोड़ खरगोन ले जाया गया लेकिन रास्ते में ही चिकित्सक की मौत हो गई। सीबीएमओ ओएस कनेल ने बताया कि डॉ. ग्यारसीलाल कोठारी ने जुलाई माह में ही धवली में अनुबंध के आधार पर मेडिकल ऑफिसर के रूप में कार्यभार संभाला था। वे पिछले पांच माह से अपनी सेवाएं दे रहे थे। बलवाड़ी में भी सेवाएं देते आ रहे थे। ग्रामीणों ने बताया कि अपने सरल व्यवहार के कारण उन्हें पसंद किया जा रहा था लेकिन हादसे में मौत की सूचना के बाद कई ग्रामीण स्तब्ध हुए है। ग्रामीणों ने कहा कि एक होनहार चिकित्सक की इस तरह मौत से क्षेत्र के मरीजों का बड़ा नुकसान हुआ है क्यों कि स्थानीय नागरिक होने के चलते वे यहां की समस्याओं को करीब से समझते थे।

# शाह की बजाय विजयवर्गीय का फोटो जला दिया





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बालाघाट, एजेंसी।** मध्यप्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह के विवादित बयान के विरोध में महिला कांग्रेस ने बुधवार को हनुमान चौक में पुतला दहन किया। यह प्रदर्शन रतलाम में दिए गए मंत्री शाह के कथित आपत्तिजनक बयान को लेकर किया गया। लेकिन विरोध का यह कार्यक्रम खुद कांग्रेस के लिए सवालों के घेरे में आ गया। पुतला दहन के दौरान सबसे बड़ी चूक तब सामने आई, जब मंत्री विजय शाह के पुतले के साथ गलती से संसदीय कार्यमंत्री और नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की तस्वीर जला दी गई।

मौके पर मौजूद लोगों में इस गलती को लेकर चर्चाएं होती रहीं। इसके अलावा कार्यक्रम में न तो कांग्रेस का कोई बैनर था, न झंडा और न ही पोस्टर, जिससे यह प्रदर्शन बेहद औपचारिक और कमजोर नजर आया। जिले की छह विधानसभा सीटों में से चार पर कांग्रेस विधायक होने के बावजूद यह प्रदर्शन फीका रहा है। हालांकि गलती के बाद प्रदेश सचिव व जिलाध्यक्ष महिला कांग्रेस लक्ष्मी वाघाड़े ने कहा कि गलती से उनकी तस्वीर जल गई है, ये पुतला विजय शाह का था न कि कैलाश विजयवर्गीय का।पुतला दहन कर प्रदर्शन करने के दौरान प्रदेश सचिव व जिलाध्यक्ष महिला कांग्रेस ने कहा कि भाजपा के मंत्री हर समय महिलाओं को लेकर गलत टिप्पणी कर उनका अपमान कर रहे है, लेकिन सरकार उनके विरुद्ध कार्रवाई करने के बजाय उन्हें बचाने का काम कर रही है।

# प्रधान आरक्षक का फांसी के फंदे पर मिला शव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बड़वानी, एजेंसी।** शहर की न्यू डीआरपी लाइन में एक प्रधान आरक्षक ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया है। बुधवार सुबह चुनाभट्टी रोड स्थित सरकारी क्वार्टर में उनका शव पंखे से लटका मिला। मृतक की पहचान मनीष बामनिया (40) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, प्रधान आरक्षक मनीष बामनिया मूल रूप से धार जिले के नझंली दही के पास के निवासी थे। वह वर्तमान में बड़वानी की न्यू डीआरपी लाइन में बने आरक्षक आवास गृह के सरकारी क्वार्टर में अकेले रह रहे थे। उनकी पत्नी कुक्षी के स्वास्थ्य विभाग में नर्स के पद पर कई सालों से कार्यरत हैं। बुधवार सुबह उनके भाई कमरे पर पहुंचे, लेकिन दरवाजा अंदर से नहीं खुला। इसके बाद उनके साथ रहने वाले वीर सिंह ने दरवाजा तोड़ा। अंदर मनीष बामनिया पंखे से रस्सी के सहारे फांसी पर लटके हुए मिले। कमरे में एक कुर्सी नीचे गिरी हुई थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक जगदीश डावर और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धीरज बब्बर तत्काल मौके पर पहुंचे। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। आत्महत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है और पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
इंदौर, गुरुवार 18 दिसंबर, 2025


## संपादकीय

# मेहुल चोकसी को बेल्जियम कोर्ट का बड़ा झटका, प्रत्यर्पण का रास्ता साफ

पंजाब नेशनल बैंक में 13 हजार करोड़ के घोटाले के आरोपी व हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी को बेल्जियम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। बेल्जियम की सर्वोच्च अदालत ने हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी की भारत प्रत्यर्पण के खिलाफ अपील खारिज कर दी है। कोर्ट ने कहा कि चोकसी के तर्कों में कोई दम नहीं है और वह प्रत्यर्पण रोकने के लिए कोई कानूनी या तथ्यात्मक आधार साबित नहीं कर पाए। कोर्ट ने माना कि प्रत्यर्पण की प्रक्रिया भारत के कानूनों और यूरोपीय मानवाधिकार मानकों के अनुरूप है। इससे भगोड़े मेहुल चौकसी की प्रत्यर्पण का रास्ता साफ हो गया है। कोर्ट ने चोकसी की तीन मुख्य दलीलों को ठुकरा दिया। इनमें निष्पक्ष सुनवाई के अधिकारों का उल्लंघन, अपहरण का आरोप और भारत की जेलों में कैद की खराब स्थिति की आशंकाएं शामिल थीं। चौकसी का कहना था कि शुरुआत में कुछ दस्तावेज पेश नहीं किए गए, जिससे उनके बचाव के अधिकार प्रभावित हुए। कोर्ट ने कहा कि अपील स्तर पर इन चिंताओं को दूर कर लिया गया था। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि 'चैंबर ऑफ इंडिक्टमेंट' के पास पूरी शक्ति होती है और वह निष्पक्ष सुनवाई सुनिश्चित करता है, जिससे आरोपी अपने सभी जरूरी सबूत पेश कर सकता है। इसलिए, कोर्ट ने माना कि यूरोपीय मानवाधिकार कन्वेंशन के अनुच्छेद 6 के तहत चोकसी के निष्पक्ष सुनवाई के अधिकार का उल्लंघन नहीं हुआ है। चोकसी ने इंटरपोल कमीशन फॉर द कंट्रोल ऑफ फाइल्स के फैसले का हवाला देकर कहा था कि उन्हें एंटीगुआ से भारतीय अधिकारियों की मदद से अगवा किया गया था। कोर्ट ने इस दलील को भी खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि निचली अदालत ने CCF के फैसले के सबूत के तौर पर महत्व का ही मूल्यांकन किया था, जो कि सावधानी से और कुछ शर्तों के साथ कहा गया था। सबूतों का मूल्यांकन निचली अदालत का काम है, इसलिए बेल्जियम की सुप्रीम कोर्ट उस पर दोबारा विचार नहीं कर सकती थी। भारत में यातना और अमानवीय व्यवहार के खतरे के आरोप पर, कोर्ट ऑफ कैसेशन ने भारत सरकार द्वारा दिए गए स्पष्ट आश्वासनों पर भरोसा किया। भारत सरकार ने बेल्जियम के अधिकारियों को आश्वासन दिया है कि चोकसी को मुंबई की आर्थर रोड जेल की बैरक नंबर 12 में रखा जाएगा। यह एक सुरक्षित वार्ड है जिसमें दो सेल और निजी शौचालय की सुविधा है। यह भी बताया गया कि वह न्यायिक अदालतों के अधिकार क्षेत्र में रहेंगे, न कि जांच एजेंसियों के। चोकसी जनवरी 2018 के पहले सप्ताह में भारत से भाग गया था, जिसके कुछ दिन बाद पीएनबी में 13,000 करोड़ रुपये के घोटाले का पता था। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने अपने आरोपपत्र में आरोप लगाया है कि 13,000 करोड़ रुपये के घोटाले में से अकेले चोकसी ने 6,400 करोड़ रुपये की हेराफेरी की है।

## धर्म-कर्म

**पौष अमावस्या पर किए गए दान और स्नान का विशेष महत्व होता है। इस दिन कुछ उपायों को करके जिंदगी की हर बाधा को दूर किया जा सकता है। साथ ही इनकी मदद से पितरों का आशीर्वाद भी मिलता है।**

### पौष अमावस्या 2025

# साल के आखिरी अमावस्या पर करें ये 5 आसान उपाय, खत्म होगी हर बाधा



हिंदू धर्म में पौष अमावस्या का विशेष महत्व होता है। हिंदू पंचांग के हिसाब से ये पौष महीने की अमावस्या तिथि पर पड़ती है। ये दिसंबर-जनवरी के बीच पड़ता है। ऐसे में इस दौरान कड़ाके की ठंड पड़ रही होती है और इसी वजह से इस दौरान किए गए दान का महत्व और भी बढ़ जाता है। इस महीने में स्नान और दान करने की पुरानी परंपरा है। हर साल पड़ने वाली ये अमावस्या तिथि के हिसाब से बदलती रहती है। बता दें कि विशेष रूप से ये पितरों को समर्पित होता है। पौष अमावस्या पर किया गया दान पितरों के नाम से ही किया जाना चाहिए। हिंदू धर्म शास्त्रों की मानें तो अमावस्या पर पितर अपने वंशजों के बहुत ही करीब आते हैं और उनकी दान-दक्षिणा को ग्रहण करके अपना आशीर्वाद देते हैं। माना जाता है कि इस महीने में किए गए उपायों से पितृ दोष खत्म होता है। साथ ही जिंदगी में आ रही बाधाएं खत्म होती है। नीचे विस्तार से जानें इस महीने में किए जाने वाले उपायों के बारे में...

### पौष अमावस्या के आसान से उपाय

1. पौष के महीने में अगर जरूरतमंदों को शॉल या फिर कंबल आदि का दान किया जाए तो इसे काफी शुभ माना जाता है। साथ ही पहनने वाले ऊनी कपड़ों का दान भी किया जा सकता है। इस दान को हमेशा पूर्वजों के नाम से ही करना चाहिए। इससे घर-परिवार में शांति का माहौल रहता है। साथ ही जिंदगी में आने वाली हर बाधा खत्म हो जाती है। ऐसे में इस दान को करना शुभ माना जाता है। आप जरूरतमंदों को खाने की चीजें भी दान में दे सकते हैं।
2. अगर इस महीने में पशु-पक्षियों के लिए भी कुछ किया जाता है तो इसे काफी पुण्य का काम माना जाता है। मान्यता के अनुसार इन लोगों के जरिए ही पितर हमारा भोजन ग्रहण करते हैं और अपना आशीर्वाद देते हैं। ऐसे में समय-समय पर इन्हें भोजन जरूर कराना चाहिए। खासकर कि कोओं और कुत्तों को खाना खिलाना सबसे शुभ माना जाता है। ऐसे करने से पितरों का आशीर्वाद मिलता है।
3. इस महीने में किए गए स्नान को कई पुण्यों के बराबर माना जाता है। जि लोगों को किसी पवित्र नदी में स्नान करने का सौभाग्य नहीं मिल पाता है, वो लोग नहाने के पानी में थोड़ा गंगाजल मिलाकर स्नान कर सकते हैं। इसे भी उतना ही पवित्र माना जाता है। अगर किसी को पितृ दोष है तो वो लोग स्नान के बाद पितृ तर्पण कर सकते हैं।
4. पौष अमावस्या के दौरान सरसों के तेल का दीया जलाना भी पवित्र माना जाता है। मान्यता के हिसाब से दक्षिण दिशा में सरसों में का दीया जलाना सबसे सही होता है। दरअसल इसे पितरों की दिशा माना जाता है। ऐसे में इस दिशा में सरसों का दीया जलाने से घर में सकारात्मक ऊर्जा आती है और साथ ही पितरों की कृपा भी मिलती है।
5. पौष अमावस्या के दौरान पीपल के पेड़ से जुड़ा उपाय काफी शुभ माना जाता है। अमावस्या वाली शाम को पीपल के पेड़ के नीचे दीया जलाकर सच्चे मन से प्रार्थना करनी चाहिए। साथ ही इस पेड़ का सात चक्कर जरूर लगाना चाहिए। हिंदू धर्म मान्यता के हिसाब से ऐसा करने से पितृ दोष काफी हद तक कम हो जाता है।

New Delhi

# राजधानी में उखड़ती सांसें: स्मॉग की चादर से ढकी दिल्ली, एक्यूआई 400 पार, गंभीर श्रेणी में प्रदूषण

**दिल्ली, (एजेंसी)** राजधानी दिल्ली में प्रदूषण गंभीर श्रेणी में है। बृहस्पतिवार सुबह की शुरुआत धुंध और कोहरे के साथ हुई। आसमान में स्मॉग की चादर दिखाई दी। कई क्षेत्रों में जहरीली स्मॉग की मोटी परत छाई रही। इसके चलते दृश्यता कम रही। आनंद विहार समेत कई इलाकों में हालात बेहद चिंताजनक बने हुए हैं।

सीपीसीबी (सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड) के अनुसार, इलाके के आस-पास एक्यूआई (एयर क्वालिटी इंडेक्स) 415 है, जिसे 'गंभीर' श्रेणी में रखा गया है। सीएक्यूएम (कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट) ने दिल्ली-NCR में GRAP स्टेज-IV के तहत सभी एक्शन लागू है।



आरके पुरम इलाके की तस्वीरें समान हालात दिखा रही हैं। सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (CPCB) के अनुसार, यहां AQI 374 है, जिसे बहुत खराब कैटेगरी में रखा गया है। CAQM (कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट) ने दिल्ली-एनसीआर में GRAP स्टेज-IV के तहत सभी कार्रवाई शुरू कर दी हैं।

सुबह इंडिया गेट के आसपास जहरीले स्मॉग की परत देखने को मिला। सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के अनुसार, इलाके के आसपास एक्यूआई 344 दर्ज किया गया है, जिसे बेहद खराब श्रेणी में रखा गया है। वहीं अक्षरधाम इलाके एक्यूआई 416 रिकॉर्ड किया गया है, जिसे गंभीर श्रेणी में रखा गया है।

New Delhi

## अगले साल के अंत तक पूरे देश में शुरू हो जायेगा एमएलएफएफ : गडकरी



**नयी दिल्ली, (एजेंसी) सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को संसद में बताया कि टोल भुगतान की नयी प्रणाली मल्टी-लेन फ्री फ्लो (एमएलएफएफ) साल 2026 के अंत तक पूरे देश में लागू हो जायेगी।**

श्री गडकरी ने राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के उत्तर में बताया कि नयी प्रणाली लागू होने के बाद टोल नाकों पर कर्मचारियों की जरूरत नहीं रहेगी। कैमरों के माध्यम से वाहन का नंबर कैप्चर होगा, उपग्रह के माध्यम से जानकारी केंद्रीकृत प्रणाली में जायेगी और संबंधित बैंक खाते से पैसा कट जायेगा। इससे टोल नाकों पर 80 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से भी वाहन गुजर सकते हैं और टोल का भुगतान भी हो जायेगा।

उन्होंने कहा कि इससे 1,500 करोड़ रुपये का ईंधन बचेगा और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की आमदनी कम से कम 6,000 करोड़ रुपये बढ़ने का अनुमान है। उन्होंने सदन को बताया कि कुछ जगहों पर यह प्रणाली शुरू की गयी है। इस संबंध में पहले 10 ठेके आवंटित किये जा चुके हुए हैं और 10 का आवंटन प्रक्रिया में है। अगले साल के अंत तक राष्ट्रीय राजमार्गों पर पूरे देश में इसे शुरू कर दिया जायेगा।

Rajasthan

## कभी किसी मंदिर और मूर्ति पर सवाल नहीं उठाना चाहिए

**जयपुर, (एजेंसी)** कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर इन दिनों जयपुर में कथावाचन कर रहे हैं। मानसरोवर के वीटी रोड पर हो रही कथा के दौरान उन्होंने कहा कि जो लोग मंदिरों और मूर्तियों में भगवान के होने पर सवाल उठाते हैं, वे मूर्ख हैं। सनातन धर्म के लोगों को कभी किसी मंदिर और मूर्ति पर सवाल नहीं उठाना चाहिए। कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर ने कहा कि जयपुर के लोग तो यह जानते हैं, क्योंकि यहां ऐसे मंदिर हैं जहां मूर्ति में भगवान होने के प्रमाण सामने आ चुके हैं। देवकीनंदन ठाकुर ने कहा कि जयपुर के लोगों को ज्यादा बताने की जरूरत नहीं है, क्योंकि यहां गोविंद देवजी का मंदिर है और गोपीनाथ जी का मंदिर है। ये मंदिर साबित कर चुके हैं कि प्रतिमाओं में भगवान होते हैं। उन्होंने कहा कि जयपुर के हर व्यक्ति को हर रोज या कम से कम सप्ताह में एक बार गोपीनाथ जी मंदिर या गोविंद देवजी मंदिर में जाकर दर्शन करने चाहिए। अगर जयपुर में रहकर भी जो सनातनी इन मंदिरों में जाकर दर्शन नहीं करते हैं, तो वे मूर्ख हैं।



Uttarpradesh

## बहनों की वजह से पकड़ा गया जौनपुर का हैवान बेटा! आरी से मां-बाप के किए थे 6 टुकड़े

**जौनपुर, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के जौनपुर में हुए माता-पिता के कत्ल ने पूरे जिले को दहला दिया है। पुलिस ने इस मामले का खुलासा करते हुए हत्यारोपी बेटे अम्बेश कुमार उर्फ रिंकू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उसकी निशानदेही पर खून से सनी आरी, लोहे की रॉड, कार, मोबाइल फोन और अन्य महत्वपूर्ण सबूत बरामद कर लिए गए हैं। इस हत्याकांड के खुलासे में अम्बेश की बहनों का अहम रोल रहा.पूछताछ में 'कातिल' बेटे ने इस खूनी वारदात की पूरी कहानी बयां की है...

आपको बता दें कि जफराबाद पुलिस ने 16 दिसंबर को 36 वर्षीय अभियुक्त अम्बेश कुमार उर्फ रिंकू को माता-पिता की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया. अभियुक्त ने 8 दिसंबर की शाम अहमदपुर स्थित घर में पैसों और पारिवारिक विवाद के कारण अपनी मां बबिता देवी और पिता श्यामबहादुर की लोहे की रॉड से मारकर हत्या कर दी थी. उसने गिरफ्तारी से बचने के लिए शवों को आरी से कई हिस्सों में काटकर बोरों में भरा और अपनी कार से गोमती और सई नदी में फेंक दिया था. पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त हथियार और कार बरामद कर ली है.



खेल

# लखनऊ में कोहरा बना चौथे टी20 मैच का विलेन, टॉस के बिना रद्द हुआ मैच

**लखनऊ, (एजेंसी)** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेला जाने वाला चौथा टी20 मैच बुधवार को लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में बिना टॉस के ही रद्द कर दिया गया। घने कोहरे के चलते दृश्यता बेहद खराब रही, जिससे खेल कराना संभव नहीं हो सका। भारत फिलहाल इस सीरीज में 2-1 से आगे चल रहा है। आखिरी मुकाबला 19 दिसंबर को अहमदाबाद में खेला जाएगा, जिसमें जीत दर्ज कर सूर्यकुमार यादव की अगुआई वाली टीम की नजरें सीरीज अपने नाम करने पर होंगी।

मैच के रद्द होने के बाद एक बार फिर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की टूर और फिक्सचर कमेटी सवालों के घेरे में आ गई है। खास तौर पर सर्दियों के मौसम में उत्तर और पूर्वी भारत में डे-नाइट मुकाबले कराने के फैसले पर आलोचना



तेज हो गई है। लखनऊ में इस समय साल के दौरान दिन-रात मैच तय करना पहले से अनुमानित कोहरे की समस्या के कारण विवादों में आ गया है।

स्टेडियम में कोहरा इतना घना था कि हवा में गेंद को ट्रैक करना फील्डरों के लिए खतरनाक माना गया। इसी वजह से टॉस को लगातार टालना पड़ा। अंपायर्स ने कुल छह बार मैदान का निरीक्षण किया लेकिन अंत में उन्होंने मैच रद्द करने का फैसला लिया। मैच का टॉस 6:30 बजे होना था, लेकिन कोहरे की वजह से इसमें देरी हुई। पहला निरीक्षण शाम 6:50 बजे तय किया गया था, लेकिन हालात नहीं सुधरे। इसके बाद 7:30, 8:00, 8:30, 9:00 और 9:25 बजे तक लगातार निरीक्षण किए गए।

7:30 बजे हुए निरीक्षण के दौरान अंपायरों ने मैदान पर दृश्यता की जांच भी की, जिसमें एक अंपायर पिच के पास खड़े होकर बाउंड्री पर मौजूद साथी से यह पूछते नजर आए कि क्या वे एक-दूसरे और गेंद को साफ देख पा रहे हैं। इस दौरान बीसीसीआई उपाध्यक्ष और यूपीसीए अध्यक्ष राजीव शुक्ला भी मैदान पर आकर हालात का जायजा लेते दिखे, लेकिन सभी आकलनों में दृश्यता खेल के लिए अनुपयुक्त पाई गई।

### बिना एक भी गेंद फेंके रद्द हुआ मैच

कई बार निरीक्षण के बावजूद हालात में सुधार न होने पर आखिरकार अधिकारियों ने एक भी गेंद फेंके बिना मैच रद्द करने का फैसला लिया। स्टार स्पोर्ट्स पर हालात पर टिप्पणी करते हुए दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने कहा, 'गेंदबाजों के नजरिए से ये बिल्कुल अलग परिस्थितियां हैं। मैंने पहले कभी ऐसे हालात नहीं देखे। आप समझ सकते हैं कि फील्डर टॉस में देरी क्यों चाहते हैं।' स्टेन ने आगे कहा, 'कल रात करीब 8 बजे मैं मॉल तक गया था और हालात बेहद खराब थे। 20 मीटर आगे तक दिखना मुश्किल था।

सिनेमा

## एक्ट्रेस निधि अग्रवाल संग हुई बदतमीजी, भीड़ में फंसीं-हुई धक्का मुक्की, गुस्से में चिल्लाईं



एक्ट्रेस निधि अग्रवाल के साथ बुधवार, 17 दिसंबर को ऐसा कुछ हुआ, जिसे वो आजीवन कभी नहीं भुला पाएंगी. एक्ट्रेस खुशी-खुशी हैदराबाद में फिल्म द राजा साब के सॉन्ग 'सहना सहना' के लॉन्च इवेंट में पहुंची थीं. वहां गाना रिलीज हुआ. सब सही रहा. लेकिन जैसे ही इवेंट खत्म होने के बाद वो बाहर निकलीं, लोगों की भारी भीड़ ने निधि को बुरी तरह घेर लिया. सोशल मीडिया पर निधि संग हुई इस बदतमीजी का वीडियो वायरल हो रहा है. वीडियो में देखा जा सकता है निधि अपनी गाड़ी में बैठने के लिए आगे बढ़ रही हैं. तभी वो लोगों की भारी भीड़ में फंस जाती हैं. उनकी एक झलक पाने के लिए लोग टूट पड़ते हैं. लोग निधि को कैमरे में कैद करने के लिए धक्का-मुक्की करते दिखे. इस खींचतान ने निधि को अनकंफर्टेबल किया. वो कितनी परेशान हुईं इसका अंदाजा उनके एक्सप्रेशंस से मिलता है. गार्ड किसी तरह भीड़ से बचाते हुए निधि को सही सलामत गाड़ी में बैठाते हैं. गाड़ी में बैठने के बाद निधि शॉक्ड दिखीं. उन्होंने सबसे पहले राहत की सांस ली, फिर वो खुद को संभालती दिखीं. वो भीड़ पर गुस्से में चिल्लाती हुईं नजर आईं. वो हैरान, परेशान दिखीं.

## Highlights

1. SC ends protection for BS-III & below end-of-life vehicles in Delhi-NCR
2. Nehru letters not 'missing', they are with Sonia Gandhi: Govt
3. ₹70 lakh spent on fireworks at wedding of BJP MLA's son in MP: Reports
4. Funds halted for 3 Raj MLAs caught seeking bribe in sting operation
5. Indian visa centre in Bangladesh shut early amid threats from radical leader

# SEBI overhauls mutual fund regulations — What's in it for you, the investor

**NEW DELHI, (Agency).** SEBI has reduced the fee paid by domestic mutual funds to brokerages, while while also slashing the basic management charge in one of the most sweeping changes to its mutual fund regulations.

The payment to stock brokers on cash trades has been capped at 6 basis points, down from 8.59 basis points, according to a statement released after SEBI's board meeting on Wednesday. The stock market regulator had earlier proposed a fee of 2 basis points on the fee paid by asset managers.

One basis point is one-hundredth of a percentage point. SEBI's new mutual fund regulations may incentivise a new generation of investors to move from traditional savings instruments into market-linked products. Only 10% of Indians had exposure to stocks, mutual funds or bonds, according to a survey by the Securities and Exchange Board of India.



Against that backdrop, here's a look at what SEBI's new mutual fund regulations mean for you, the investor, and someone who wants to start investing. This "modern rulebook" is designed to reflect the current digital era of investing while making the cost of mutual funds more transparent.

1. The cost revolution: "BER" instead of "TER"

The biggest change is how you will see fees. SEBI is moving from the Total Expense Ratio (TER) to a Base Expense Ratio (BER).

What's out: Statutory levies like GST, stamp duty, and STT (Securities Transaction Tax) will no longer be bundled inside the expense ratio limit.

What's in: These taxes will now be charged separately on actuals.

To ensure this doesn't lead to higher costs for you, SEBI has reduced the base expense limits across categories by up to 15 basis points (0.15%). For example:

Index Funds & ETFs: Capped at 0.90% (down from 1%).

Equity Close-Ended Funds: Capped at 1% (down from 1.25%).

2. Slashed brokerage fees

Mutual funds pay stockbrokers to buy and sell shares for the portfolio. SEBI noticed that some funds were overpaying, essentially using your money to pay for "bundled services" like research.

# The story of RRP Semiconductor is cautionary tale for investors chasing AI stocks

**NEW DELHI, (Agency).** The world's best-performing stock is turning into a cautionary tale for investors chasing outsized returns from the AI boom.

RRP Semiconductor Ltd., which until recently was a little-known stock, has become a social-media obsession as its share price surged more than 55,000% in the 20 months through 17 December—by far the biggest gain worldwide among companies with a market capitalisation of more than $1 billion.




That's despite posting negative revenue in its latest financial results, reporting just two full-time employees in its latest annual report, and boasting only a tenuous link to India's chip-manufacturing ambitions.

A mix of online hype, a tiny free float and India's swelling base of retail investors locked the stock at the upper circuit for 149 consecutive trading sessions, even as stock exchange officials and the company itself cautioned investors.

# ज्योतिषीय/अनुष्ठानिक

## सलाह -मार्गदर्शन हेतु सम्पर्क करें

## "एक सलाहकार और शुभचिंतक"

**॥ बाबापण्डित ॥**

**(अनुष्ठानिक कार्य एवं हरिकथा प्रेमी)**

आपकी परिस्थितियों को समझते हुए मेरी एक अनुष्ठानिक प्रयोग की सलाह आपकी पीड़ा / समस्या के समाधान में सहायक हो सकती है।

## - कतिपय अनुष्ठान प्रयोग -

*एक दिवसीय महागणपति एवं आदिदेवभास्कर अभिसिंचन अनुष्ठान*

*एकदिवसीय अष्टमहालक्ष्मी विनायक अनुष्ठान*

*एकदिवसीय महादेवरुद्र स्तवन अनुष्ठान*

*एकदिवसीय हनुमंतवंदन- वाल्मीक सुंदरकांड अनुष्ठान*

*त्रिदिवसीय सत्यनारायण पूजनकथा - हरिकथा अनुष्ठान*

इसके अन्यत्र यजमान की समस्या की भूमिका एवं प्रकृतिनुसार अन्य वैदिक/शास्त्रोक्त अनुष्ठानों का भी प्रयोग समस्या निवारण में किया जा सकता है।

**कृपया अपनी जिज्ञासा/समाधान हेतु संपर्क करे।**

**Email - babapandit.in@gmail.com**


स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक